# जप लो राधा जी का नाम | By Shilpi Kaushik

जहाँ विराजे वहां बसे श्री श्याम
श्याम से मिलना है तो जपलो राधा जी का नाम .....
जय राधे जय राधे राधे जय राधे.........
जय राधे जय राधे राधे जय राधे.........

श्याम दीवाने राधे के, राधा है दीवानी श्याम की
ब्रज मंडल में धूम मची है बस इनके नाम की
राधा जी गर बाती हैं तो दीपक है श्री श्याम
श्याम से मिलना है तो जपलो राधा जी का नाम .....2
जय राधे जय राधे राधे जय राधे.........
जय राधे जय राधे राधे जय राधे.........

राधा जी के रोम रोम में श्याम का बसेरा
कान्हा के अधरों पे रहता राधे नाम का पहरा
राधा बिना तो जग में अधूरी श्याम की है पहचान
श्याम से मिलना है तो जपलो राधा जी का नाम .....2
जय राधे जय राधे राधे जय राधे.........
जय राधे जय राधे राधे जय राधे.........

जिनकी जुबां पर सुबह शाम रहता है राधा राधा
श्याम प्रभु हर लेते उनके जीवन की हर बाधा
राधेश्याम की जोड़ी निराली पूजे देव तमाम
श्याम से मिलना है तो जपलो राधा जी का नाम .....2
जय राधे जय राधे राधे जय राधे.........
जय राधे जय राधे राधे जय राधे.........

राधा रानी आएँगी तो श्याम प्रभु आएंगे
राधा रानी के संग दर्शन श्याम के भी हो जायेंगे
कान्हा की बंसी राधा पुकारे, राधा की पायल श्याम
श्याम से मिलना है तो जपलो राधा जी का नाम ....2
जहाँ विराजे वहां बसे श्री श्याम
श्याम से मिलना है तो जपलो राधा जी का नाम ....2

राधा राधा नाम रटत है जो नर आठो याम
दिल की बाधा दूर करत है राधा जो का नाम
जय राधे जय राधे राधे जय राधे.........
जय राधे जय राधे राधे जय राधे.........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%aa-%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-shilpi-kaushik/